


### एक नजर में

## माँ वैष्णवी देवी के मंदिर एवं गुफा के दर्शन



**बुरहानपुर।** श्री रविरांदल माताजी धार्मिक यात्रा समिति ने कुलदेवी श्री रविरांदल माता एवं गुजरात यात्रा के पश्चात खामनी ग्राम स्थित अस्थाई निर्मित श्री वैष्णवीदेवी मंदिर एवं गुफा की श्री वीसालाड समाज के 105 सदस्यों को नि:शुल्क यात्रा करवाई। सभी यात्रियों को आरामदायक दो बसों द्वारा माता के मंदिर ले जाया गया था ।समाज के गरबा मंडल की ओर से सभी को स्वल्पाहार कराया गया। इस प्रकार के आयोजन के लिए प्रबुद्ध वर्ग ने जो सराहना की समिति के संयोजक ने उनका एवं सभी यात्रियों के सहयोग का आभार माना। समिति की निकट भविष्य में 5 दिवसीय मथुरा यात्रा की योजना है।

## चार्टर्ड अकाउंटेंट्स कक्कड एंव छाबडीया द्वारा इच्छापुर में कार्यशाला



**बुरहानपुर।** ग्राम इच्छापुर में चार्टर्ड अकाउंटेंट मुस्कान कक्कड़ व चार्टर्ड अकाउंटेंट राहुल छाबड़िया सुरक्षित भविष्य, निवेश और सुरक्षा का संगम विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर इच्छा देवी ट्रस्ट अध्यक्ष भागवत महाजन ओम प्रकाश सिंह चौहान उपाध्यक्ष इच्छा देवी ट्रस्ट ,मनोज जैन फेटोन ट्रांसफार्मर, रघुनाथ चौधरी अध्यक्ष ज्योतिबा फुले बैंक, शांताराम पवार अध्यक्ष इच्छा देवी बैंक , मुकेश जी बाफना मामा श्री एग्रो मार्केट समाजसेवी डॉ रामाकांत पाटील डॉ अरुण डॉ राजेंद्र पवार विजय सबकले गणेश महाजन संजय पवार, मुख्तार बागवान महेंद्र सिंह बेस विजय कुमार जैन अब्दुल बागवान सरदार बागवान सोपान महाजन मनोज पवार, किशोर पाटिल एवं समस्त इच्छा देवी बैंक संचालक मंडल,बुरहानपुर लाड समाज से राजेंद्र लाड दी अपना कमर्शियल कोऑपरेटिव सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष नीरज कक्कड़ प्रबंधक राज तोमर बड़ी संख्या में व्यवसाय और ग्रामीण समाजसेवी उपस्थित थे।

## नि :शुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर आयोजित



**बुरहानपुर।** कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार 16 अक्टूबर तक संचालित श्राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत शासकीय यूनानी औषधालय आलमगंज द्वारा नि:शुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर का आयोजन आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक आज़ाद नगर में किया गया। शिविर में 115 से अधिक रोगियों की जांच यूनानी चिकित्सा अधिकारी डॉण् मिर्ज़ा रेहान बेग द्वारा की गई तथा औषधियों का वितरण विभाग की शाहीन बानो द्वारा किया गया। ज़िला आयुष अधिकारी डॉ.कविता गढ़वाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले में नि:शुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर लगाये जा रहे हैं। आयोजित शिविर में वात रोग, आमवातए सामान्य ज्वर, चर्म रोग, कासए प्रतिश्याय, उदर रोग, शारीरिक दुर्बलता आदि रोगों की चिकित्सा की गई। पोषण माह के चलते शिविर में आने वाले हितग्राहियों, धात्री,गर्भवती माताओं एवं बच्चों के लिए पोषण एवं संतुलित आहार की विस्तृत जानकारी भी दी गई। पोषण माह थीम लोकल फॉर लोकल पर स्थानीय खाद्य उत्पादों को बढ़ावा देने की बात कही गई। शिविर में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमति राधा वर्मा ने सहयोग प्रदान किया।

## चांदनी चौक में दर्शन देंगे बालाजी महाराज




**बुरहानपुर।** सोमवार को शरद पूर्णिमा के अवसर पर बालाजी महाराज चांदनी चौक मे दर्शन देंगे ।श्री जी का मंदिरों में अभिषेकएआकर्षक श्रृंगार के बाद शाम 6 बजे रास मण्डल वाहन पर बालाजी महाराज मंदिर परिसर मे चांदनी चौक में विराजमान होंगे। श्री बालाजी महाराज की ऐतिहासिक रथयात्रा के बाद अब सोमवार को शरद पूर्णिमा पर श्री जी चांदनी चौक में विराजेगे और भक्तों को दर्शन देंगे। भगवान बालाजी महाराज नवरात्र में नौ दिनों तक छोटे रथ पर सवार होकर प्रजा के हाल जानने निकले ।भगवान की यह रथयात्रा शहरभर में विविध तय रूटों पर निकाली गई। दशहरे पर बड़े रथ पर भगवान बालाजी की रथयात्रा निकली। इस वर्ष रथयात्रा के बाद सतीयारा घाट मे मेले का आयोजन ताप्ती नदी का जल स्तर बढ़ने से नहीं हो सका। वहीं शरद पूर्णिमा का आयोजन सोमवार को होगा। इस दिन सुबह भगवान का विशेष अभिषेक व पूजन होगा।शाम को आकर्षक श्रृंगार के बाद भगवान की मूर्ति को चांदनी चौक में बने पांडाल में विराजित किया जायेगा। रविवार को महोत्सव के 14 वे दिन श्री जी का मंदिर मे ही भारी संख्या मे भक्तोंजनों ने दर्शन किए।

जल- सेवा के लिए संकल्पित विठ्ठल सेवा समिति:-प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बुरहानपुर के प्रतिष्ठित बालाजी मेले में जल- सेवा के लिए संकल्पित विठ्ठल सेवा द्वारा मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की वैवस्था कर बालाजी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया । विठ्ठल सेवा के अजय बालापुरकर ने जानकारी देते हुए बताया इस दौरान नवीन अग्रवाल, हेमंत एरंडोलवाला, विनोद मनचंदानी, मिलिंद जैसवाल, रोशन अग्रवाल, आशीष महेंद्र, विक्की बेरीए सुमित खुराना, मनोज वारूडे, महेश नवग्रहे,निकेश खत्री उपस्थित थे।




## पंच परिवर्तन से होगा राष्ट्र उत्थान : सुनील बागुल

# आरएसएस के 100 वर्ष पूरे होने पर शहर में निकला पथ संचलन, जोरदार स्वागत

### नेहरू स्टेडियम ग्राउंड से निकला पथ संचलन, 100 जगह स्वागत मंच,बारती भी उतारी गई





**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100 पूरा होने पर रविवार शाम विजयादशमी के उपलक्ष्य में पथ संचलन निकाला गया।स्टेडियम ग्राउंड से पथ संचलन शहरभर में निकला जिसमें हजारों की संख्या में स्वयंसेवक शामिल हुए। अनुशासित तरीके से स्वयंसेवक एक साथ बैंड की धुन पर कदमताल करते हुए पथ संचलन में शामिल हुए।

हर साल विजयादशमी पर आरएसएस का पथ संचलन निकलता हैए लेकिन इस बार शताब्दी वर्ष पूरा होने पर विशेष आयोजन हुआ। हर परिवार से एक एक सदस्य को पथ संचलन में शामिल करने का निर्णय लिया था। शाम 4.30 नेहरू स्टेडियम ग्राउंड पर मुख्य वक्ता सुनील बागुल मालवा प्रांत के बौद्धिक प्रमुख, मुख्य अतिथि कृष्णदास भगत, जिला सर संघचालक विजय पोद्दारए और नगर सर संघचालक राजेंद्र सिंघाल पहुंचे।

मालवा प्रांत के बौद्धिक प्रमुख व मुख्य वक्ता सुनील बागुल ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को माता बहनोंए ओर बच्चों के मन मे देश के प्रति प्रेम भावना और मातृभूमि के प्रति अपनी कर्तव्य निष्ठा का भाव जागरण करना होगा।इसकी शुरुआत हमे खुद से करनी होगी। संघ शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन जिन्हें हम पांच संकल्प कह सकते है।इसपर समाज को ध्यान देने की आवश्यकता है। पंच परिवर्तन से ही राष्ट्र का निर्माण होगा।



श्री बागुल ने कहा आजादी में भी स्वदेसी का उपयोग किया। अब इसे व्यवहार में लाएं। हम किसी भी संस्थान में लाइन में लगना पड़ता है। मंदिर में दर्शन के लिए जाते हैं तो वहां हमें अनुशासन का पालन करना चाहिए।किसी को कष्ट न पहुंचाते हुए हमें अनुशासन का पालन करना चाहिए। शाखा से जो पद्धत्ति मिली है उससे जब व्यक्ति बाहर निकलता है तो एक श्रेष्ठ नागरिक बनता है। संघ की स्थापना का उद्देश्य है कि हमारा देश फिर विश्व गुरू हो। वैभव संपन्न हो जाए।जो जिस स्थान पर है वह अपना देश मानकर काम करता है। देश के लिए जीने की आवश्यकता है।समाज परिवर्तन की दिशा में काम करना है। संघ को 100 साल हो गए। बुरहानपुर में खुद संघ प्रमुख डॉण् बलीराम हेडगेवार ने आकर शाखा प्रारंभ की थी। पथ संचलन निकलना कोई नई बात नहीं हैए लेकिन इस बार का संचलन इसलिए विशेष है कि हर मंडल में यह संचलन निकलेगा। सभी मिलकर घर घर संपर्क करेंगे। पत्रक लेकर जाएंगे। सामाजिक सद्भाव की बैठकें करेंगे। हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे। हिन्दू समाज अपनी पहचान स्थापित करेगा।जीने के तरीके हैए उसे अपने व्यवहार में लेकर आएंगे।प्रमुख नागरिक जन गोष्ठी, युवा संगम प्रत्येक खंडए जिलेए प्रांत में होगा।समाज के बीच में जाकर समाज परिवर्तन का माध्यम बनना है। समाज में सामाजिक समरस्ता दिखे यह प्रयास करना है।कुटुंब व्यवस्था को फिर से स्थापित करने के लिए अपने परिवारए अपने घर से कार्यक्रम प्रारंभ करें।पर्यावरण को लेकर प्रयास करेंगे।

**30 बस्तियों से उमड़े स्वयंसेवक :-** शहर की 30 बस्तियों से स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में शामिल हुए।30 वाहिनी से संपत, 10 दंड वाहिनी और 7 घोष दल के साथ स्वयंसेवकों ने जब कदमताल किया तो पूरा नगर थम सा गया। मातृशक्ति और समाजजन छतों व चौक.चौराहों पर खड़े होकर पुष्पवर्षा कर रहे थे। जगह.जगह स्वागत द्वार ,रंगोली और पुष्पमालाओं एंव आरती उतारकर संचलन का अभिनंदन किया गया।

**यहां से निकला पथ संचलन:-** पथ संचलन नेहरू स्टेडियम ग्राउंड से निकलकर शनवारा,जय स्तंभ, सुभाष चौक, फव्वारा चौक, पांडुमल चौराहा, राजपुरा और बस स्टैंड से होते हुए वापस स्टेडियम ग्राउंड पर पहुंचा।



## हेलमेट लगाकर बाइक पर निकले वनकर्मी, दिया जागरूकता का संदेश





**नवभारत न्यूज, नेपानगर।** वन विभाग द्वारा 1 से 7 अक्टूबर तक वन्यजीव सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।इसी क्रम में रविवार को नावरा रेंज के वन स्टाफने वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पांच गांवों में एक रैली निकाली।

वन स्टाफके सदस्य बाइक पर सवार होकर वन्यप्राणियों के संरक्षण और सुरक्षा का संदेश लेकर निकले। इस रैली का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को वन्यजीवों की सुरक्षा और संरक्षण में अपना बहुमूल्य योगदान देने के लिए प्रेरित करना था। नावरा रेंजर पुष्पेंद्र सिंह जादौन ने बताया यह रैली रेंज कार्यालय नावरा से शुरू हुई और डाभियाखेड़ा, नावरा,घाघरला, डालमहू, हैदरपुर जैसे गांवों से होते हुए हिवरा में समाप्त हुई। रैली में परिक्षेत्र नावरा के वनपाल शिवनारायण तिवारी, रेवेंद्र राठौर, रामसिंह निरंजन, राधेश्याम राजपाली, कैलाश मांडवे, वनरक्षक सावन तायड़े, गौरव सोनी, दिनेश सोनवने, संदीप कुशवाह, सुरेंद्र यादव, अनिकेत राजपूत, प्रमोद सिकरवार, वीणा, अभिलाषा और नेहा राठौर सहित समस्त स्टाफशामिल रहा।

**अमुल्ला हाइस्कूल में वन्यप्राणी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन :-** इससे पहले 04 अक्टूबर को ग्राम अमुल्लाखुर्द शासकीय हाईस्कूल में वन्यजीव संबंधी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमें कक्ष 8ए 9ए 10 के विद्यार्थियों द्वारा प्रतियोगिता में शामिल होकर वन्यजीव संबंधी प्रश्नों के जवाब दिए गए। विजेता प्रतिभागियों को वन विभाग द्वारा पुरस्कृत किया गया। रेंजर पुष्पेंद्र जादौन के निर्देशन में वनपाल मुकेश गिरीए वनरक्षक आनंद मिश्राए आशीष कुशवाह द्वारा प्रतियोगिता संपन्न करवाई गई।

## वैश्य महासम्मेलन,मध्यप्रदेश द्वारा बुरहानपुर जिला कार्यकारिणी भंग,डॉ .मनोज अग्रवाल बने संयोजक



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** वैश्य समाज के संगठन वैश्य महासम्मेलन, मध्यप्रदेश ने संगठन को अधिक सक्रिय और सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बुरहानपुर जिले की कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है।

संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल द्वारा जारी पत्र के अनुसार, जिले में नई कार्यकारिणी के गठन हेतु डॉ.मनोज अग्रवाल निवासी हरियाणा भवन,राजपुरा, वार्ड क्रमांक 35, बुरहानपुर को संयोजक नियुक्त किया गया है। पुनर्गठन की प्रक्रिया प्रदेश महामंत्री एवं संगठन प्रभारी श्री रमेश गुप्ता ,इंदौर के मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में संपन्न कराई जाएगी। प्रदेश नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया है कि डॉ.मनोज अग्रवाल अपने संगठनात्मक अनुभव, समाज सेवा एवं नेतृत्व क्षमता के बल पर जिले में वैश्य महासम्मेलन को नई दिशा देंगे तथा समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ते हुए संगठन को मजबूत बनाएंगे।

## घाघरला में दिलाई नशामुक्ति की शपथ दिलाई




**नवभारत न्यूज,** नेपानगर। मां पोहरादेवी वूमेन एंड चिल्ड्रन वेलफेयर सोसायटी द्वारा रविवार दोपहर ग्राम घाघरला में ग्रामीणों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।उपाध्यक्ष राहुल राठौड़ ने नशा के दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नशा न सिर्फ इंसान को बल्कि पूरे परिवार को बर्बादी की ओर ले जाता है। नशे की लत बेरोजगारीए अपराध और सामाजिक पतन का कारण बनती है। ग्राम के वरिष्ठजनए सरपंचए सचिवए ग्राम सेवकए आंगनवाड़ी कार्यकर्ताए ग्रामीणोंए संस्था के सदस्यों ने बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लिया।

## मारवाड़ी युवा मंच द्वारा डांडिया रास का आयोजन, खूब उठाया गरबे का आनंद



**बुरहानपुर ।** मारवाड़ीयुवा मंच के तत्वाधान में नवरात्री एवं शरद पूर्णिमा के पावन अवसर परसंभागीय स्तरीय डांडिया रास का भव्य आयोजन श्री कृष्ण मंगल परिसर में सम्पन्न हुआ स प्रचार मंत्री रामकुमार अग्रवाल ने बताया की भव्य डांडियारास कार्यक्रम में संभाग स्तर से 12 गरबा टीमो ने भाग लिया स सभी गरबा टीम ने अपनी सुंदर प्रस्तुतियों सेसभी का मनमोह लिया ।

संस्थापक अध्यक्ष कमलनयन लाठ नेबताया की निर्णायक जजैश कु. श्रेया शाह ,कविता सुगंधी एवं मंजुला पाटीदार द्वारा प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार घोषित किये गये स पूर्व अध्यक्ष दामोदरजी तोदी एवंलक्ष्मण मित्तल ने बताया की प्रथम पुरस्कार आ.जे.एस ग्रुप खंडवा को नगद राशी 21 हजार रूपयै एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। द्वितीय पुरस्कार माँ नवचंडी गरबा ग्रुप खंडवा एवं माँ शाकम्भरी गरबा मंडल आदर्श कॉलोनीबुरहानपुर को 15 .15 हजार रूपयेकी नगद राशी एवं तृतीय पुरस्कार राधा रमणगरबा ग्रुप एवं मेट्रो डांस क्लास बुरहानपुर को 11 .11 हजार की नगद राशी एवं स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। माह के कन्वेयर गौरव योगेन्द्रअग्रवाल ने बताया कि गरबा मंडल में बेस्ट मेल सुभाष बारेला एवं बेस्ट फ्मिेल अन्वि मश्रुवाला को 2100..2100 कीराशी एवं स्मृति चिन्ह से सम्मानीत किया गया एवं बेस्ट कॉस्टयूम अवार्ड माँ शाकम्भरी गरबा मंडल आदर्श कॉलोनी को प्रदान किया गया । मंच के सक्रिय पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र जालन एवं मुकेश दैवडा ने बताया किसभी टीमों को 15 . 15 सौ रुपए की सांत्वना राशि एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भावेश भट्ट, जानकी मिस्त्री , निरंजन नागर,लक्षमण मित्तल ,धवल जैन युवामंच के प्रांतीय अध्यक्ष विशाल सेठिया के करकमलौ द्वारा सभी टीमों को नगद राशि एवंस्मृति चिन्ह दैकर सम्मानित किया गया स कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन मंचके सभी पूर्व अध्यक्षो का सहयोग रहा। कार्यक्रम सफ्ल बनाने गौरव गंगवाल, सुनील मूंदड़ा,पुरुषोत्तम तिब्डीवाल, दिलीप कासलीवाल, विनीत कोठारी, राहुल जोशी आदि का योगदान रहा।

**एक नजर** पूर्व मंत्री चिटनिस ने भगवान श्री बालाजी महाराज के दर्शन कर मेले का किया भ्रमण....

# शक्तिपीठ बना ग्राम खामनी, विधायक चिटनिस ने कहा -अद्भूत, अकल्पनीय और अवर्णनीय



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर ।** विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने भक्तों के साथ मां वैष्णोदेवी धाम की पवित्र गुफा और माता की पूजा . अर्चना,आरती करते हुए कहा कि आयोजन अद्भूत, अकल्पनीय और अवर्णनीय है। बुरहानपुर का ग्राम खामनी शक्तिपीठ बना है। इस दौरान चिटनिस ने सेवादारों से संवाद भी किया।

शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में बुरहानपुर का ग्राम खामनी कटरा बन हुआ है। यहां भव्य मां वैष्णो देवी धाम में माता रानी की घट स्थापना के साथ मां वैष्णोदेवी कटरा की प्रतिकृति को आकार दिया गया है। खामनी गांव भक्ति का केन्द्र बना हुआ है। अनोखा मां वैष्णोदेवी का दरबार सजाया गया है। इसमें तीन किलोमीटर लंबा मां वैष्णोदेवी मंदिर की तरह ही ट्रैक बनाया गया है। यहां मां वैष्णोदेवी की गुफा और देवी दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा हुआ है। भक्तों को तीन किमी पैदल यात्रा के बाद मां वैष्णोदेवी के दर्शन हो रहे है। एक किलोमीटर की पांच गुफाएं बनाई गई है। इसमें पवित्र गुफा, बाण गंगा, चरण पादुका, गर्भग्रह गुफा, अर्धकुंवारी, मां वैष्णोदेवी और भैरव बाबा के दर्शन हो रहे है।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि इस प्रतिकृति को छोटे गांव में आकार दे कर खामनी ग्रामवासियों ने धार्मिक आस्था और अटूट संकल्प का एक अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। खामनी गाँव वासियों में कटरा स्थित माता वैष्णो देवी धाम की प्रतिकृति बनाने का एक बड़ा और पवित्र संकल्प लिया था। इस पवित्र कार्य को पूरा करने के लिए पूरे गाँव की एक जुटता और हर व्यक्ति द्वारा इस पवित्र कार्य में अपना पूरा पूरा समय सहयोग दिया। इस धार्मिक यात्रा की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी थी माता रानी की चरण पादुकाओं को वैष्णो देवी धाम से खामनी गाँव तक लाना। ग्रामवासियों का एक समूह पूरी श्रद्धा के साथ वैष्णों देवी धाम गया,जहाँ उन्होंने विधि.विधान के साथ माता रानी की चरण पादुकाओं को प्राप्त किया। दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भीड़ उमड़ रही है। यह दृश्य गाँव के लोगों की आस्था और भक्ति का प्रमाण है। चिटनिस ने कहा कि खामनी के ग्रामवासियों ने यह साबित कर दिया है कि जब धर्म और संस्कृति की उपासना का संकल्प लिया जाता हैए तो ईश्वर भी उस कार्य को पूरा करने में मदद करते हैं। इस कार्य में न केवल खामनी गाँव के लोग शामिल हैए बल्कि आस.पास के सभी गाँवों ने भी अपना अमूल्य योगदान दिया। यह एक अद्वितीय उदाहरण है जहाँ एक पूरा समुदाय एक साझा धार्मिक लक्ष्य के लिए एकजुट हुआ है। यह पहल हम सभी के लिए एक बड़ी प्रेरणा है। यह हमें सिखाती है कि सच्ची आस्था, समर्पण और सामूहिक प्रयासों से किसी भी बड़े कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सकता है। यह सिर्फ एक मंदिर का निर्माण नहीं है, बल्कि यह आपसी भाईचारे, सहयोग और दृढ़ संकल्प की एक मिसाल है। खामनी गाँव के लोगों की यह अद्भुत भक्ति भाव और उनका समर्पण वास्तव में सराहनीय है। आयोजन से जुड़े ग्रामीणों ने कहा कि यह दिव्य और भव्य आयोजन नैत्री अर्चना चिटनिस के सहयोग और मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। उनके द्वारा समय.समय पर दिए जा रहे मार्गदर्शन और सहयोग से ही यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सकेगा।

### सूर्यपुत्री ताप्ती नदी के बढ़े जलस्तर के कारण मेला चांदनी चौक स्थानांतरित



बुरहानपुर के प्रसिद्ध तीन दिवसीय भगवान श्री बालाजी मेले सूर्यपुत्री ताप्ती नदी के बढ़े जलस्तर के कारण प्राचीन श्री बालाजी मंदिर के चांदनी चौक स्थल पर स्थानांतरित करने के मंदिर प्रबंधन निर्णय के बाद मेले के द्वितीय दिवस विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ;दीदीद्ध ने भगवान श्री बालाजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और क्षेत्र के नागरिकों एवं धर्म प्रेमी जनता की सुख.शांति और समृद्धि.खुशहाली की कामना भगवान श्री बालाजी महाराज के चरणों में की। साथ ही मंदिर प्रांगण में लगे मेले का भ्रमण भी किया। इस अवसर पर श्रीमती चिटनिस ने कहा कि परंपरागत मेला मां ताप्ती के तट पर लगना या ना लगना भगवान श्री बालाजी महाराज की लीला है। ईश्वर की योजना मानव की योजना से अच्छी होती है। परंपरागत नदी स्थल पर इस वर्ष मेला नहीं लगने से निराशा का भाव श्रद्धालुओं में नहीं आना चाहिए। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने मेले में पधारने वाले समस्त श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे भगवान श्री बालाजी महाराज के दर्शन के पश्चात प्रसिद्ध प्रसाद दराबा, चिड़वा इत्यादि खाद्य सामग्री अन्य खरीददारी यथासंभव मेला परिसर में लगी दुकानें से करें। ऐसा करने से स्थानीय लोगों को जहां रोजगार मिलेगा वहीं मेले की रौनक और बढ़ती जाएगी ।इस अवसर पर महापौर श्रीमती माधुरी पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.मनोज माने,पूर्व जिलाध्यक्ष दिलीप श्रॉफ,पूर्व महापौर अतुल पटेल, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेन्द्र तिवारी, अमित मिश्रा, मुकेश शाह, चिंतामन महाजन, गोपाल चौधरी, संभाजीराव सगरे, आशीष शुक्ला,रवि जैन, समर्थ चिटनिस, देवेन्द्र राठौर,अजीत परदेशी, आकाश राखोंडे, धीरज नावानी, जेकी राठौर, भरत रावल एवं दर्शन पाटिल सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।